
राजपुर रोड में दिन के वक्त भी जलती रही रोड लाईट।


बारिश का कहरः जाखन, बापूनगर में मकान हुआ ध्वस्त।


हेल्थ नेटवर्किंग सेवा संस्थानः उत्तरकाशी में आपदा पीड़ितों की सहायता को तत्पर।

## कुशलानाथ बने पीटीए अध्यक्ष

**श्रीनगर गढ़वाल।** राइका श्रीनगर की संपन्न हुई बैठक में नवीन सत्र 2012–13 के लिए विद्यालय अध्यापक अभिभावक संगठन का गठन किया गया, जिसमें आरटीआई कुशलानाथ को सर्व सम्मति से पीटीए अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता गजपाल आर्य ने की।

## ईद मिलन आज

**श्रीनगर गढ़वाल।** आज ईद के अवसर पर मुस्लिम यूथ फाउंडेशन की ओर से नगर पालिका सभागार में ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक परवेज अहमद नें बताया कि ईद के पावन अवसर पर पालिका सभागार में सांय को ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## विज्ञान संकाय के आंदोलन को आइसा ने दिया समर्थन

### आइसा बंद हुआ तो करेंगे राज्य व्यापी आंदोलनः काण्डपाल

**श्रीनगर गढ़वाल।** पिछले लंबे समय से जोशीमठ महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के लिए चल रहे आंदोलन को ऑल इण्डिया स्टूडेन्ट्स एशोसिएशन नें समर्थन दिया है।

आइसा के प्रदेश सचिव आशीष काण्डपाल नें कहा कि सरकार नें पिछले वर्ष वहां विज्ञान संकाय की कक्षायें संचालित की थी परंतु अब शिक्षकों, प्रवक्ताओं की कमी का बहाना बनाकर विज्ञान संकाय को बंद करने की साजिश रची जा रही है जो छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होने कहा कि जोशीमठ महाविद्यालय सीमांत क्षेत्र का एक एकमात्र उच्च शिक्षण संस्थान है जो करीब 50–60 गांवों के छात्र–छात्राओं को शिक्षा प्रदान करता है। सरकारी तंत्र इस महाविद्यालय को सुविधायें देने के बजाय सुविधायें छीनकर छात्रहितों की अनदेखी कर रहा है। इस तरह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ को आइसा कतई बर्दाश्त नहीं करेगा और आंदोलन में बढ़चढ़कर समर्थन देगा। आइसा नें राज्य सरकार व विवि से मांग की है कि जोशीमठ में विज्ञान संकाय को बंद न किया जाए। बल्कि वहां प्रयोगशालाओं व प्रवक्ताओं की तत्काल व्यवस्था की जाये। आइसा कार्यकर्ताओं नें कहा कि विज्ञान संकाय के लिए आइसा भी राज्यव्यापी आंदोलन करेगा।

## राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**श्रीनगर।** सरकारी सेवाओं में पदोन्नति में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए पूर्व की भांति आरक्षण यथावत रखने की मांग को लेकर एससी0, एसटी0 इम्पलाइज फेडरेशन नें महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व प्रदेश के मुख्यमंत्री को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में एससी, एसटी फेडरेशन नें कहा है कि संविधान में प्रदत्त व्यवस्थाओं के अंतर्गत ही आरक्षण अनुमन्य है इसलिए पदोन्नति में आरक्षण का लाभ यथावत दिया जाना चाहिए। ज्ञापन में उन्होने कहा कि अनु0 जाति, जनजाति वर्ग के स्वाभिमान को यदि किसी वर्ग विशेष, समाज, पार्टी द्वारा ठेस पहुंचाया गया तो अलग देश के लिए आंदोलित होना पड़ेगा जिसका नाम शिल्पीस्तान होगा।

# आपदा संकट से जूझ रहा झिमरगाँव

**धारचूला।** भाकपा (माले) की टीम ने आज आपदाग्रस्त क्षेत्र भेती तथा झिमरगाँव का मुआयना किया। भेती के चार प्रभावित परिवारों को अभी तक सुरक्षित स्थान में नहीं बसाया गया है। तीन वर्षों से लगातार आपदा का संकट झेल रहे झिमरगाँव के 21 परिवारों का अभी तक पुर्नवास नहीं हो पाया है।

घटना के बाद भेती गाँव की सुध लेने के लिए कोई प्रशासनिक अधिकारी यहाँ नहीं पहुँचा है। भाकपा (माले) ने आपदा के मामले में राजनीति करने की जगह राहत एवं पुर्नवास के लिए कानून बनाने की माँग की है। भाकपा (माले) के जिला सचिव जगत मर्तोलिया के नेतृत्व में गई टीम ने भेती तथा झिमर गाँव की हालत को देखा। धारचूला लौटने के बाद टीम ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि भेती में चार परिवारों की 40 नाली भूमि तथा भवन आपदा की भेंट चढ़ गयी है। इन चार परिवारों में आन सिंह अभी तक तत्काल दिया जाने वाला मुआवजा तक नहीं मिला है। इन चार परिवारों को सुरक्षित स्थान में बसाने के लिए प्रशासन तथा सरकार ने कोई कदम नहीं उठाये हैं। एक अदद टेंट तक इन परिवारों को नहीं मिला है। झिमरगाँव में अपने मित्रों के घर में शरण ले रखी है। मल्ला भेती गाँव में रहने वाले पांच परिवारों ने स्वयं भेती नाले से रबर की पाईप से अपने लिए पानी की व्यवस्था की थी। इस आपदा ने ग्रामीणों की इस निजी पेयजल की व्यवस्था को खत्म कर दिया



### नही मिला अब तक मुआवजा

**धारचूला।** भाकपा (माले) जाँच टीम के सामने यह मामला उभर कर आया कि वर्ष 2009 में प्रशासन ने पंचायत घर सोबला में इस परिवार को शरण दी थी। इस दौरान पंचायत घर में भारी पत्थर आ जाने के बाद 62 वर्षीय रूकुम सिंह तथा पांच वर्षीय पूजा की दबकर मौत हो गयी थी। 28 अगस्त 2009 की इस घटना के बाद बसन्ती देवी व गोमती देवी की गम्भीर हालतों में तीन ऑपरेशन हुए।

# अध्यक्ष बने रिम्पी और जस्सी महामंत्री

### खुशी का इजहार किया, प्रत्याशियों ने नगर में निकाला विजयी जुलूस

**बाजपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बाजपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर गुरप्रीत सिंह 'रिम्पी', महामंत्री पद पर जसविन्दर सिंह 'जस्सी', उपाध्यक्ष पद पर सिंह स्वरूप भारती, कोषाध्यक्ष पद पर गगनदीप मित्तल व संगठन मंत्री पद पर ललित कोछड़ 'वायटी' विजयी रहे। विजयी प्रत्याशियों ने नगर में विजयी जुलूस निकाल अपनी खुशी का इजहार किया और जमकर आतिशबाजी की।

श्री रामभवन धर्मशाला में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बाजपुर के चुनाव में प्रातः से ही गहमा गहमी रही। व्यापारियों ने बम्पर मतदान कर अपने–अपने प्रत्याशियों का चुनाव किया। मतदान सायं 3.30 बजे तक चला। उसके उपरांत मुख्य चुनाव अधिकारी अश्विनी छाबड़ा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, चुनाव अधिकारी रमेश मित्तल, राजकुमार अग्रवाल, देशराज काम्बोज, रवि शर्मा की देखरेख में मतगणना प्रारम्भ हुई।

जिसमें अध्यक्ष पद पर गुरप्रीत सिंह 'रिम्पी' ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मेघराज गर्ग को 283 मतों से पराजित कर विजयी परचम लहराया। गुरप्रीत सिंह 'रिम्पी' को 656, मेघराज गर्ग को 373, बाबूराम गर्ग को 37, उशांत सब्बरवाल को 37 व आफाक मेहरबान को 15 मत मिले तथा 10 मत निरसत हुए। महामंत्री पद पर जसविन्दर सिंह 'जस्सी' ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्याम लाल गर्ग को 407 मतों से शिकस्त दी। जसविन्दर सिंह 'जस्सी' को 734, श्याम लाल गर्ग को 327 व तेजेन्द्र सिंह बेदी को 58 मत मिले।

उपाध्यक्ष पद पर कड़े मुकाबले के बीच सिंह स्वरूप भारती ने अपने प्रतिद्वंदी मंदीप सैनी 'बिल्ला' को 75 मतों से पराजित किया। सिंह स्वरूप भारती को 594, मंदीप सैनी 'बिल्ला' को 519 मत मिले। जबकि 16 मत निरस्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर भतीजे ने चाचा को 150 मतों से शिकस्त दी। गगनदीप मित्तल को 627, विजय मित्तल को 477 मत मिले। 21 मत निरस्त हुए। संगठन मंत्री पद पर ललित कोछड़ 'वायटी' ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कलीराम बंसल को 463 मतों से पराजित किया।

## वेली ब्रिज बनाने में जवानो ने किया दिन–रात एक

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री राजमार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था बहाल करने के लिए बीआरओ के अफसर व जवान दिन रात एक किए हुए हैं। गंगोरी में असी गंगा नदी पर लगे एक मात्र पुल के बाढ़ की भेंट चढने के बाद हाइवे पर ग्यारह यातायात व्यवस्थाओं को बहाल करने के लिए गंगोरी में वेली ब्रिज का निर्माण करने में जुटा है। बीआरओ के अफसरों ने आगामी बीस अगस्त तक हाइवे पर ट्रैफिक बहाल करने का दवा किया है। असी गंगा व गंगा भागीरथी नदी में आई बाढ़ से गंगोत्री राजमार्ग के गंगोरी मोटर पुल व हाइवे के अधिकांश हिस्से ध्वस्त होने से अलग.थलग पड़े होने से टकनौर पट्टी ऊपजी समस्या तीन दिन में सामान्य हो सकती है।

# 500 वृक्षों के संरक्षण का संकल्प

**श्रीनगर गढ़वाल।** वृक्षमित्र डॉ त्रिलोकचंद्र सोनी के वृक्षमित्र अभियान के तहत विकासखण्ड कीर्तिनगर में बृहद् वृक्षारोपण का आयोजन किया गया जिसमें कुल 500 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया वहीं ग्रामीणों नें वृक्षों के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

बंजर भूमि में सैकड़ों पौधों का रोपण कर इस मुहिम में अनेक ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों नें भी बढचढ़कर भाग लिया। रविवार को कीर्तिनगर के लोस्तु पट्टी में ग्राम देवगड़ी, थुरेट व गहड़ के रिंगोली गाड से लगी बंजर भूमि में बेल, आंवला, आम, भीमल, खडिक, बांस, शीशम, कचनार, अमरूद, माल्टा सहित अनेक प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। वृक्षमित्र डॉ0 त्रिलोक चंद्र सोनी नें कहा कि वृक्षमित्र अभियान के तहत वह



उत्तराखण्ड को फलपेटी के रूप में विकसित करना चाहते हैं।

वृक्षमित्र अभियान सिर्फ किसी व्यक्ति विशेष का अभियान नहीं है बल्कि यह पर्यावरणीय संकटों से बचाने का एक ऐसा अभियान है जो प्रत्येक व्यक्ति से जुड़ा हुआ है। रिंगोलीगाड़ से लगी महादेव मंदिर के समीप बंजरभूमि में उन्हें प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड से वृहद् वृक्ष वाटिका बनाने की अनुमति मिली है।

## अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हरिद्वार।** कुंभ मेले के दौरान तैनात सफाई कर्मियों के वेतन का भुगतान अब तक न करने का आरोप बाल्मीकी सेना के संयोजक नरेंद्र चंचल ने लगाया है। संयोजक ने संबधित अधिकारी के वेतन से पैसा काट कर कर्मचारियों को भुगतान कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

उन्होंने कहा है कि तत्कालीन पंतदीप स्वास्थ अधिकारी ने सफाई कर्मियों के वेतन में घपला किया था। संयोजक ने कहा है कि उक्त अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग वाल्मीकी सेना करेगी। जिससे कि सफाई कर्मियों को अपना वेतन पूर्ण रुप से मिले और वेतन में घपलेबाजी थम जाये।


ईद का पावन पर्व
मेंहदी लगवाती महिलाएं

## प्राईवेट बस की चपेट में आने से महिला घायल, रैफर

**रुड़की।** लक्सर की ओर से आ रही प्राईवेट बस से रोड़वेज अड्डे पर उतरते समय एक महिला बस की चपेट में आ गई जिसके कारण उसके पैर बुरी तरह जख्मी हो गये।

महिला की हालत गम्भीर देखते हुऐ उसे हायर सेंटर रेफर किया है। बस चालक घटना को अंजाम देते ही बस को छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जैनपुर भगवानपुर निवासी रूकैया पत्नी सिबते हसन प्राईवेट बस संख्या एचपी 19–4691 में सवार होकर रुड़की किसी कार्य से आ रही थी। जैसे ही वह रुड़की रोड़वेज पर उतरने लगी तो बस चालक ने बस को आगे बढा दिया। जिसके कारण महिला बस के पिछले पहिये की चपेट में आ गई।

स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही 108 की मदद से घायल महिला को चिकित्सा हेतु सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा महिला की हालत गम्भीर देखते हुऐ उसे हायर सेंटर रेफर किया है। पुलिस आरोपी बस चालक की तलाश में जुटी है।

## ईष्ट की पूजा की तरह पहुंचे स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने

### नीति घाटी में सन् 1947 से चली आ रही अनोठी परंपरा

**जोशीमठ।** नीती घाटी की युवा पीढ़ी आजादी का जश्न मनाने की परंपरा का आज भी बखूबी निर्वहन कर रही है। यहां स्वाधीनता दिवस समारोह में सम्मिलित होने के लिए दूर–दूर से बडी सख्या में नीती घाटी व आस–पास के ग्रामीण पहुंचते हैं।

वहीं भारत–चीन सीमा से सटे नीती घाटी में वर्ष 1947 से ही आजादी के जश्न को बड़े ही धूम–धाम से मनाने की पंरपरा रही है। घाटी के ग्रामीण वर्षभर में एक बार जिस प्रकार अपने देवी–देवताओं व पितरों की पूजा के लिए अनिवार्य रूप से अपने पैतृक गांवों में पहुंचते हैं, ठीक उसी प्रकार से स्वाधीनता दिवस को मनाने के लिए भी लोग गांवों में पहुंचते हैं। आजादी का जश्न मनाने के लिए नीती घाटी में वकायदा राष्ट्रीय पर्वोत्सव समिति गठित है, जिसके तत्वाधान में ही आजादी का जश्न होता है। गमषाली गांव के निकट दुफूंधार नामक स्थान में बने पांडाल में कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न गांवों के महिला–पुरुष पारंपरिक परिधानों मे झांकियों के साथ नृत्य करते हुए पहुंचते हैं और उसके बाद शुरू होता है ग्रामवार महिला व युवक मंगल दलों का प्रतियोगात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम। कन्या से लेकर 66 वर्ष की वृद्ध महिलाएं भी जब मंच पर थिरकती हैं तो दर्शक भी झूमने को मजबूर हो जाते हैं। आजादी के इस जश्न मे सरीक होने के लिए जब अलग–अलग क्षेत्रों से विभिन्न ग्रामों की झांकियां आयोजन स्थल की ओर बढ़ती हैं तो इसे देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है।

## पदोन्नति में यथावत रहे आरक्षण

**श्रीनगर गढ़वाल।** प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली की बैठक में समिति के पदाधिकारियों नें कहा कि पदोन्नति में आरक्षण समाप्त नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होने कहा कि पदोन्नति में आरक्षण का लाभ निश्चित तौर पर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि पदोन्नति में आरक्षण समाप्त न किया जाए। बैठक में अध्यक्ष दयाल लाल भारती, दर्शन लाल, शोभन लाल, कैलाश चंद्र, गजपाल, मोहनलाल, बीरेन्द्र कुमार, जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## आवंटन घोटाले के विरोध में भाजपाईयों ने पीएम का फूंका पुतला

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी रुड़की के कार्यकर्ताओ ने जिला संयोजक राजपाल सिंह के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा एक करोड़ 86 लाख रूपये के कॉल ब्लॉक आवंटन घोटाले के विरोध में चन्द्रशेखर चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका।

जिला संयोजक ने राजपाल सिंह ने कहा कि कंग द्वारा कॉल ब्लॉक आवंटन घोटाले ने कांग्रेस की घोटालों की सरकार की कलाई खोल दी है, उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के पद पर बने रहने का अब कोई औचित्य नही रह गया है उन्हें नैतिक जिम्मेदारी लेते हुये इस्तीफा दे देना चाहिए। पूर्व मंत्री श्यामवीर सैनी ने कहा कि निजि कम्पनियों से सांठ–गांठ कर कोयला ब्लॉक आंवठन में यह हेराफेरी की गई, यह घोटाला, टूजी घोटाले से भी बडा है।

श्याम सिंह नाग्यान, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. अनिल शर्मा, किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष मनोज तोमर, भाजपा नेता गौरव गोयल व शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनुराग कपिल ने भी केन्द्र सरकार की तीव्र आलोचना करते हुऐ प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की। इस अवसर पर रामगोपाल कंसल, सुभाष नारंगी, पवन तोमर, अनूर्प तिलक राज शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गंगोरी के व्यापारियों में दहशत के बाद गुस्सा

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से की मदद गुहार

**उत्तरकाशी।** आपदा राहत को लेकर प्रभावितों में गुस्सा है। कई दिन तक पूरी तरह अलग–थलग रहे पुल के दूसरी ओर अब भी प्रशासन प्रभावितों का सही आकलन नहीं कर सका है। इस इलाके के प्रभावितों ने अपने व्यवसायों और आजीविका के साधनों का आकलन कर मुआवजे की माग की है।

गंगोरी पुल के दूसरी ओर असीगंगा की बाढ़ से करीब अस्सी छोटे बड़े व्यापारी प्रभावित हुए हैं। यहा व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह ध्वस्त हुए हैं, लेकिन जिला प्रशासन अभी तक इन लोगों के नुकसान का आकलन नहीं कर सका है।

प्रभावितों ने आपदा पीड़ित सहायता समिति गंगोरी गणेशपुर के जरिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से भी मदद की गुहार लगाई है। समिति ने जिला प्रशासन से माग की है कि गंगोरी बाजार के सभी मकान मालिकों दुकानदारों के नुकसान का जल्द सही आकलन करने के साथ ही सभी प्रभावितों को सहायता दी जाए।

गंगोरी बाजार पूरी तरह खतरे की जद में है और इसके स्थान पर अन्य जगह पर सामूहिक बाजार विकसित करने की भी माग उठाई गई है। समिति की अध्यक्ष पुष्पा चौहान ने बताया कि गंगोरी के इस ओर सरकारी मदद पहुंचाने में बेहद ढिलाई बरती जा रही है। जबकि यहा के व्यापारी और अन्य लोग पूरी तरह सड़क पर आ गए हैं।

## मां–बाप ने किया सरेंडर

**हरिद्वार।** बेटी को हरिद्वार लाकर हत्या के इरादे से गंगनहर में धक्का देने के आरोपी पिता और सौतेली मां ने पुलिस को चकमा देकर न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है।

शहबाजपुर जिला ज्योतिबाई फूलेनगर निवासी देवराज सिंह और उसकी पत्नी रेखा रानी पर आरोप है कि उन्होंने एक अगस्त को देवराज की पहली पत्नी की बेटी सीमा को हरिद्वार लाकर हत्या के इरादे से गंगनहर में धक्का दे दिया था। लेकिन, जैसे–तैसे बच्ची डूबने से बच गई। पुलिस ने सीमा की तरफ से दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

ईद उल–फितर की सभी मुस्लिम भाईयों को उत्तराखण्ड पालीटेक्नीक संविदा शिक्षक समिति की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

सोमनाथ टोडरिया
मंडल अध्यक्ष (गढ़वाल)
9411129508

पंकज सैलानी
मंडल उपाध्यक्ष (गढ़वाल)
9412987975